वर्ष - 3 , अंक - 190
छपरा
14 जून रविवार
2026
पृष्ठ - 04

दैनिक खोजखबर
खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

**: ब्रीफ बॉक्स :**

नीट री-एग्जामिनेशन को लेकर सरकार अलर्ट

## कैबिनेट सचिव बोले- बाधा डालने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई



**नई दिल्ली,एजेंसी।** नीट पुनर्परीक्षा को निष्पक्ष, सुरक्षित और पारदर्शी तरीके से आयोजित कराने के लिए केंद्र सरकार पूरी तरह सतर्क नजर आ रही है। इसी क्रम में कैबिनेट सेक्रेटरी डॉ. टीवी सोमनाथन ने शुक्रवार को नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) के डायरेक्टर जनरल के साथ एक बैठक में नीट री-एग्जामिनेशन की तैयारियों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान, कैबिनेट सचिव ने सभी संबंधित पक्षों के बीच करीबी तालमेल के जरिए री-एग्जामिनेशन को सुचारू, पारदर्शी और सुरक्षित तरीके से आयोजित कराने का निर्देश दिया। नीट परीक्षा अब 21 जून 2026 को फिर से आयोजित की जाएगी।

एसआईआर- 30 करोड़ वोटर कार्ड से धुंधले फोटो हटेंगे

## अब मकान नंबर की जगह '00' नहीं लिखा जाएगा, पता दर्ज होगा




**नई दिल्ली,एजेंसी।** निर्वाचन आयोग घर-घर जाकर वोटरों की पहचान करने के अंतिम दौर में पहुंच रहा है। अब बचे हुए 39 करोड़ 73 लाख वोटरों के दरवाजे पर दस्तक देने की तैयारी है। स्पेशल इंटेंसिव रिविजन (एसआईआर) के बाद मतदाता फोटो पहचान पत्र यानी एपिक में क्या बड़े बदलाव आए हैं। एसआईआर के बाद अब तक तैयार 59 करोड़ मतदाताओं के फोटो न सिर्फ हाल ही के हैं, बल्कि रंगीन भी हैं।

चुनाव आयोग के 9 लाख 20 हजार से ज्यादा बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) ने मोबाइल से वोटरों के फोटो उनके पहचान पत्र के साथ जोड़कर मतदाता सूची को साफ-सुथरा बनाया है। इसके लिए बीएलओ ने कोई शुल्क नहीं लिया।

**पहले कार्ड में फोटो नहीं थे, या फिर बहुत धुंधले:** पहले दौर में बिहार और दूसरे चरण के 12 राज्यों के वोटरों की घर-घर जाकर पुष्टि के बाद 59 करोड़ वोटरों के नए पहचान पत्र बने हैं। इनमें सबसे बड़ा बदलाव कार्ड की फोटो का है। पहले के करीब 30% वोटर कार्ड में फोटो थे ही नहीं।



असम के जोरहाट एयरबेस पर हादसा

# एयरफोर्स का ट्रांसपोर्ट विमान क्रैश पायलट समेत 5 की मौत

**लैंडिंग के दौरान आग लगी, दो हिस्सों में टूटा**

**जोरहाट,एजेंसी।** असम में जोरहाट के रौरिया एयरबेस पर शनिवार सुबह लैंडिंग के दौरान वायुसेना का विमान क्रैश हो गया। इस हादसे में पायलट समेत 5 जवानों की मौत हो गई। इनमें स्क्वाड्रन लीडर प्रशांत सिंह, फ्लाइट लेफ्टिनेंट शुभम कुमार, सार्जेंट जितेंद्र शर्मा, अग्निवीरवायु खेमाराम कुमावत और अग्निवीरवायु दानिश आलम शामिल हैं।

हादसा उस समय हुआ, जब विमान एयरबेस पर उतरने की कोशिश कर रहा था। हादसे के बाद उसमें आग लग गई और दो हिस्सों में टूट गया। यह एएन-32 मालवाहक विमान था, जिसका इस्तेमाल सैनिकों और सामान की ढुलाई के लिए किया जाता है। हादसे की वजह सामने नहीं आई है। वायु सेना ने कोर्ट ऑफ इंक्वायरी के आदेश दे दिए हैं।



स्क्वाड्रन लीडर प्रशांत सिंह | फ्लाइट लेफ्टिनेंट शुभम कुमार | सार्जेंट जितेंद्र शर्मा | अग्निवीर खेमाराम कुमावत | अग्निवीर दानिश आलम

### एएन-32 कार्गो प्लेन पहाड़ी और दुर्गम इलाकों में भी उतरने में सक्षम

भारतीय वायु सेना के पास लगभग 100 एंटोनोव एएन-32 टैक्टिकल ट्रांसपोर्ट विमानों का बेड़ा है। हालांकि आईएएफ ने शुरू में सोवियत मूल के ऐसे 125 विमान खरीदे थे, लेकिन अब सक्रिय सेवा में विमानों की संख्या लगभग 100 रह गई है। एएन-32 ने 1980 से आईएएफ की मध्यम-भार परिवहन क्षमताओं की रीढ़ के तौर पर काम किया है। गर्म मौसम और हिमालय जैसे ऊंचे इलाकों में अभियान के दौरान इसकी मजबूती के कारण इसे काफी अहम माना जाता है।

**सोवियत दौर में बना था मालवाहक विमान :** AN-32 विमान, जो सोवियत दौर में बना था, भारतीय वायुसेना के लिए कई दशकों से एक अहम ट्रांसपोर्ट विमान रहा है। खासतौर पर पूर्वोत्तर और पहाड़ी इलाकों में सामान और जवानों को पहुंचाने में इसका बड़ा योगदान रहा है।

# अभिषेक बनर्जी के घर रात 3 बजे पुलिस की रेड

**चार घंटे तक तलाशी, बाहर केंद्रीय बल के जवान खड़े रहे; आरोपी- ताला तोड़कर घुसे**

**कोलकाता,एजेंसी।** ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी के कालीघाट स्थित घर पर कोलकाता पुलिस ने शुक्रवार देर रात 3 बजे छापा मारा। पुलिस टीम केंद्रीय बल के जवानों के साथ पहुंची। पुलिस अधिकारी अंदर गए, जवान गेट के बाहर पहरा देते रहे। तलाशी अभियान करीब 4 घंटे तक चला।

छापे की सूचना मिलते ही ममता बनर्जी तुरंत अभिषेक के घर आईं, थोड़ी देर रुकीं फिर वापस चली गईं। पुलिस सूत्रों के



मुताबिक यह छापेमारी अभिषेक के निजी सहायक सुमित रॉय का पता लगाने के लिए की गई थी।

सुमित के खिलाफ सालबोनी पुलिस स्टेशन में 'वित्तीय धोखाधड़ी' को लेकर मामला दर्ज है। तब से पुलिस सुमित की तलाश में है।

**तृणमूल कांग्रेस सांसद सागरिका घोष का दावा- छापेमारी में कुछ नहीं मिला...** तृणमूल कांग्रेस सांसद सागरिका घोष ने एक्स पर लिखा कि तलाशी के दौरान पुलिस को कुछ नहीं मिला। बस राजनीतिक बदले की भावना, डराना-धमकाना और मानसिक प्रताड़ना। 'ऑपरेशन लोटस' उन सभी नेताओं को निशाना बना रहा है, जो भारतीय जनता पार्टी के आदेशों के आगे झुकने से इनकार करते हैं। विपक्ष के खिलाफ बदले की भावना से किया गया काम है।

1प्लेन के टॉयलेट स्पीकर से 4 करोड़ का सोना जब्त

# दो थैलियों में 24 सोने के बिस्कुट मिले, दुबई से अहमदाबाद पहुंची थी फ्लाइट

**अहमदाबाद ,एजेंसी।** अहमदाबाद एयरपोर्ट पर के एक प्लेन से चार किलो सोना बरामद किया गया है। डायरेक्टोरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलीजेंस (डीआरआई) के अधिकारियों ने प्लेन पर छापा मारा और प्लेन के टॉयलेट से बरामद किया। इंडिगो का यह प्लेन गुरुवार को दुबई से अहमदाबाद पहुंचा था। गोल्ड कौन लेकर आया था, इसकी जांच की जा रही है।



गुप्त सूचना के आधार पर अधिकारियों ने प्लेन की जांच की। जांच के दौरान टॉयलेट में लगे स्पीकर बॉक्स के अंदर दो थैलियां मिलीं। इन थैलियों में 24 सोने के बिस्किट्स रखे हुए थे।

**ब्लैक कलर के टेप में लिपटे दो पाउच में था गोल्ड...** एयरपोर्ट से मिली जानकारी के अनुसार अधिकारियों को प्लेन से गोल्ड स्मगलिंग की खुफिया जानकारी मिली थी। गुरुवार को जैसे ही इंडिगो की फ्लाइट 6ई-1478 अहमदाबाद एयरपोर्ट पर पहुंची तो उसकी जांच शुरु की गई। टॉयलेट से पहले भी गोल्ड स्मगलिंग की घटनाएं सामने आ चुकी हैं।

## सबरीमाला सोना घोटाले मामले के दूसरे आरोपी मुरारी बाबू का निधन

**» सोने के पैनलों के गबन का था आरोप**



**तिरुवनंतपुरम,एजेंसी।** केरल के चर्चित सबरीमाला सोना घोटाले से जुड़े दूसरे आरोपी और त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड (टीडीबी) के पूर्व प्रशासनिक अधिकारी मुरारी बाबू का शनिवार को निधन हो गया। वह कैंसर से पीड़ित थे और कोच्चि के एक निजी अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। उनकी मौत ऐसे समय हुई है जब सबरीमाला मंदिर से जुड़े सोने की परत वाले पैनलों के कथित गबन और अन्य वित्तीय अनियमितताओं की जांच अब भी जारी है। इस मामले ने वर्षों से केरल की धार्मिक और प्रशासनिक व्यवस्था में व्यापक चर्चा पैदा की हुई है।

सबरीमाला मंदिर के दरवाजों के फ्रेम और द्वारपालक मूर्तियों पर लगे सोने की परत वाले पैनलों को हटाने और उनके कथित गबन को लेकर जांच शुरू हुई थी। आरोप था कि मंदिर से हटाए गए सोने की परत वाले पैनलों का सही रिकॉर्ड नहीं रखा गया और उनकी हेराफेरी की गई।

# देश के 25 राज्यों में 18 जून तक आंधी-पानी और ओलावृष्टि के आसार

**» मानसून पर छाया अल नीनो का साया**

**नई दिल्ली,एजेंसी।** तेजी से आगे बढ़ रहे दक्षिण-पश्चिम मानसून और उत्तरी सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से मौसम में व्यापक बदलाव आया है। पिछले 24 घंटों के दौरान जम्मू-कश्मीर से तटीय कर्नाटक तक गरज और चमक के साथ बारिश हुई है। साथ ही, अलग-अलग क्षेत्रों में 50-70 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी-तूफान ने भी कहर बरपाया है। बिहार में बिजली गिरने से 10 लोगों की



जान चली गई है, पंजाब में भी वर्षा जनित घटनाओं में 3 लोगों की जान चली गई है। मौसम में यह बदलाव कम से कम 18 जून तक जारी रहने की प्रबल संभावना है।

भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार, उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर, हापुड़, बिजनौर, शामली, मुरादाबाद, संभल, हाथरस और मथुरा में आंधी-तूफान और गरज के साथ बारिश हुई। हरियाणा के गोहाना, सोनीपत और रोहतक समेत कई जिलों में भी ऐसा ही हाल रहा। राजस्थान के डीग, भरतपुर, बयाना और धौलपुर में भी तेज हवाएं चलीं और छिटपुट बारिश दर्ज की गई। बिहार में बारिश के दौरान बिजली गिरने से खगड़िया में पांच लोगों की मौत हो गई और 7 लोग झुलस गए, जबकि भागलपुर, मधेपुरा, सहरसा और भोजपुर जिलों में भी वज्रपात से एक-एक लोगों की जान चली गई।

# भारतीय मल्टी लेयर्ड बैलिस्टिक डिफेंस सिस्टम का टेस्ट कामयाब

**5000 किमी से आ रही मिसाइल को मार गिराएगा**

**» यह तकनीक हासिल करने वाला भारत 5वां देश**

**नई दिल्ली,एजेंसी।** भारत अब लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलों, यहां तक कि अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल के खतरों का भी मुकाबला कर सकता है। डीआरडीओ ने 10 और 11 जून को लगातार 3 उड़ान परीक्षण किए, जिनमें मल्टी लेयर्ड बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस (बीएमडी) सिस्टम का प्रदर्शन किया गया।

इसमें अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल (आईसीबीएम) श्रेणी तक के खतरों समेत बैलिस्टिक मिसाइलों




को रोकने और बेअसर करने की क्षमता भी शामिल है।

यह स्वदेशी तकनीक दुश्मन की मिसाइलों को लक्ष्य तक पहुंचने से पहले हवा में ही नष्ट कर देती है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 13 जून को परीक्षण की तस्वीरें एक्स अकाउंट पर साझा की हैं।

इसके साथ-साथ नौसैनिक एंटी शिप मिसाइल-मध्यम दूरी का भी परीक्षण किया गया। इसे भारत की समुद्री प्रहार और रक्षा क्षमता को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। भारत अब उन खास देशों के समूह में शामिल हो गया है, जिनके पास परिचालन स्तर की बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस क्षमता है। भारत से पहले यह तकनीक अमेरिका, रूस, इजराइल और चीन के पास थी।

**क्या होती है अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल या आईसीबीएम...** आसान भाषा में अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल को बहुत लंबी दूरी तक मार करने वाली मिसाइल कहा जा सकता है। यह ऐसी मिसाइल होती है, जो एक महाद्वीप से दूसरे महाद्वीप तक पहुंच सकती है। आमतौर पर 5,500 किलोमीटर से ज्यादा दूरी तक मार कर सकती है। इसके अलावा यह परमाणु हथियार ले जाने में भी सक्षम होती है। यह मिसाइल रॉकेट की तरह ऊपर अंतरिक्ष की ओर जाती है, फिर बहुत ऊंचाई से पृथ्वी की ओर लौटती है और बहुत तेज गति से लक्ष्य पर हमला करती है। इसी वजह से इसे दुनिया के सबसे शक्तिशाली रणनीतिक हथियारों में गिना जाता है।

बॉम्बे हाई कोर्ट का बड़ा आदेश

# बेरोजगार होने पर भी पुरुष को देना होगा बच्चों का भरण-पोषण



**मुंबई,एजेंसी।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने एक पिता को अपने बेटे और बेटी को हर महीने गुजारा-भत्ता देने का आदेश देते हुए कहा है कि कोई व्यक्ति सिर्फ बेरोजगार होने का हवाला देकर अपने बच्चों के प्रति अपनी कानूनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकता।

बॉम्बे हाई कोर्ट की नागपुर बेंच एक ऐसे व्यक्ति की याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसने निचली अदालत के उस आदेश को चुनौती दी थी जिसमें उसे अपने बच्चों को गुजारा-भत्ता देने के लिए कहा गया था।

**हर महीने 8 हजार रुपये गुजारा भत्ता देने के लिए कहा गया:** अमरावती के बुलढाणा के रहने वाले इस व्यक्ति को हर महीने कुल 8,000 रुपये का गुजारा-भत्ता देने के लिए कहा गया, जिसमें से 4,000 रुपये उसके बेटे को और 4,000 रुपये उसकी बेटी को देने थे। उन्होंने इस आदेश को चुनौती देते हुए हाई कोर्ट का रुख किया और तर्क दिया कि वे अभी बेरोजगार हैं और अपने बच्चों को आर्थिक सहायता देने में असमर्थ हैं। उसने दावा किया कि उसने अपना ऑटो-रिक्शा भी बेच दिया था, जो उसकी कमाई का एकमात्र जरिया था।

**बच्चों का पालन-पोषण करना पिता की जिम्मेदारी:** हालांकि, हाई कोर्ट ने कहा कि वह अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकते। पीठ ने कहा कि बच्चों का पालन-पोषण और भरण-पोषण करना पिता की कानूनी और व्यक्तिगत जिम्मेदारी है। अदालत ने कहा कि उसके 10 और 7 साल के बच्चों की परवरिश और भविष्य को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

अदालत ने कहा कि बेरोजगारी या कम आय बच्चों के प्रति जिम्मेदारी से बचने का कोई जायज आधार नहीं हो सकता। अदालत ने यह भी गौर किया कि पिता बच्चों को पहले तय की गई गुजारे-भत्ते की रकम का भुगतान करने में नाकाम रहे थे।

महंगाई दर लगातार पांचवें महीने बढ़ी:

# मई में 3.93% पहुंची, खाने-पीने की चीजें और ट्रांसपोर्टेशन महंगा हुआ

**नई दिल्ली,एजेंसी।** देश में खुदरा महंगाई की रफ्तार फिर बढ़ गई है। मई में यह बढ़कर 3.93% पर पहुंच गई है, जो अप्रैल में 3.48% थी। पिछले 5 महीनों में यह पहली बार है जब खुदरा महंगाई रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के टारगेट 4% के बेहद करीब पहुंच गई है। 2026 की शुरुआत में महंगाई दर काफी कम थी। जनवरी में यह 2.74% के स्तर पर थी, जो मई तक बढ़ते हुए 3.93% पर पहुंच गई है। पिछले महीने यानी अप्रैल के मुकाबले मई में खुदरा महंगाई में 0.45% की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। मासिक आधार पर कीमतों में आया यह उछाल पिछले 16 महीनों में सबसे तेज है, जो दिखाता है कि बाजार में लगातार मूल्य दबाव बढ़ रहा है।




**ग्रामीण इलाकों में खाने-पीने की चीजें ज्यादा महंगी हुईं....** इस बार भी महंगाई बढ़ने के पीछे सबसे बड़ी वजह खाने-पीने की चीजों के दामों में आई तेजी है। मई में उपभोक्ता खाद्य महंगाई बढ़कर 4.78% पर पहुंच गई, जो अप्रैल में 4.20% थी। खास बात यह है कि शहरों के मुकाबले ग्रामीण भारत में खाद्य महंगाई दर ज्यादा रही। मई में ग्रामीण इलाकों में खाद्य महंगाई 4.85% दर्ज की गई, जबकि शहरी केंद्रों में यह आंकड़ा 4.66% रहा।

**सोने की कीमतों में तेजी से ज्वेलरी 56% से ज्यादा महंगी हुई:** इस बार वस्तुओं और विवेकाधीन (गैर-जरूरी) खर्चों में सबसे भारी उछाल देखा गया है। ज्वेलरी और कीमती धातुओं वाली व्यक्तिगत प्रभाव श्रेणी की महंगाई दर में रिकॉर्ड 56.35% की तेजी आई है। यह महंगाई के पूरे बास्केट में सबसे तेजी से बढ़ने वाला घटक बन गया है।

**महंगाई बढ़ी तो 0.50% तक ब्याज दरें बढ़ा सकता है आरबीआई:** महंगाई के इन नए आंकड़ों से RBI की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की चिंताएं बढ़ सकती हैं। कई अर्थशास्त्रियों ने पहले ही चेतावनी दी है कि ईंधन की बढ़ती लागत, आपूर्ति में रुकावटें और खराब मौसम के कारण खाद्य कीमतों पर जोखिम बना हुआ है। अगर महंगाई इसी तरह ऊंचे स्तर पर बनी रही, तो आरबीआई रेपो रेट में 0.50% तक की बढ़ोतरी कर सकता है।

**कमजोर मानसून का डर, 5% पार जा सकती है महंगाई दर:** आने वाले दिनों में महंगाई का परिदृश्य कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और मौसम के जोखिमों के कारण काफी अनिश्चित हो गया है। अगर देश में मानसून कमजोर रहता है या अल नीनो का गंभीर असर दिखता है, तो खाद्य पदार्थों की कीमतें और ज्यादा बढ़ सकती हैं। दूसरी तरफ, वैश्विक स्तर पर महंगे तेल का बोझ अगर घरेलू ईंधन की कीमतों पर डाला जाता है, तो खुदरा महंगाई दर 5% के पार भी जा सकती है।

## चकिया पंचायत में खरीफ किसान चौपाल का हुआ आयोजन

**दैनिक खोज खबर/पानापुर (सारण)।** प्रखण्ड के चकिया पंचायत में शनिवार को खरीफ किसान चौपाल का आयोजन किया गया. आत्मा के सौजन्य से आयोजित इस चौपाल कार्यक्रम का उद्देश्य खेत बचाओ अभियान था. इस कार्यक्रम में कृषि विशेषज्ञो ने उपस्थित किसानों को मृदा स्वास्थ्य संरक्षण, प्राकृतिक संसाधनों के संतुलित उपयोग तथा टिकाऊ कृषि पद्धतियों के प्रति जागरूक किया गया. कृषि विशेषज्ञों से खरीफ फसलों की उन्नत खेती से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी. वही तकनीकी प्रबंधक सत्यम कुमार ने किसानों को लाभकारी सूक्ष्म जीवों के महत्त्व के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान समय में रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग से मिट्टी की उर्वरता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, जिसके कारण भूमि की उत्पादकता धीरे-धीरे कम होती जा रही है.इस समस्या के समाधान के लिए किसानों को जैविक एवं वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों को अपनाने की आवश्यकता है. उन्होंने किसानों को सलाह दी कि रासायनिक उर्वरकों का उपयोग आवश्यकता के अनुसार सीमित मात्रा में ही करें तथा जैव उर्वरकों और प्राकृतिक कृषि तकनीकों को बढ़ावा दें. इससे उत्पादन लागत में कमी आने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण और मानव स्वास्थ्य की सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी.उन्होंने किसानों को मृदा परीक्षण कराने तथा उसके आधार पर ही उर्वरकों का उपयोग करने की सलाह दी. वही सहायक तकनीकी प्रबंधक रंजन कुमार पांडेय ने किसानों को फॉर्मर रजिस्ट्री के महत्व के बारे में जानकारी दी.उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कृषि योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए किसानों का पंजीकरण अत्यंत आवश्यक है.फॉर्मर रजिस्ट्री के माध्यम से किसानों का एकीकृत डाटाबेस तैयार किया जा रहा है।

## आशा कार्यकर्ताओं को परिवार नियोजन का दिया गया प्रशिक्षण

**दैनिक खोज खबर/पानापुर (सारण)।** प्रखंड के धेनुकी गांव में शनिवार को आशा कार्यकर्ताओ एवं फैसिलेटर को परिवार नियोजन के बारे में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया. जननी एवं मोबियस फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन बिसीएम परवेज रजा एवं जननी के जिला क्षेत्र समन्वयक पवन कुमार ने किया. जननी के क्षेत्र समन्वयक पवन कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य जमीनी स्तर की आशा कार्यकर्ताओं को परिवार नियोजन के लाभों और इससे संबंधित स्थायी एवं अस्थायी उपायों की जानकारी को सरल और सुगम भाषा में आम जनता तक पहुंचाने के लिए किया गया. उन्होंने बताया कि लोगों को छोटे परिवार के फायदे के विषय में जागरूक किया गया वही दो बच्चों के जन्म के बीच अंतराल रखने की आवश्यकता और इससे स्वास्थ्य पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभाव के बारे में जानकारी साझा की गयी. बाद में आशा कार्यकर्ताओ ने मोबाइल वैन टेलीविजन वीडिओ के माध्यम से घर घर जाकर महिलाओं को जागरूक किया.इस मौके पर एएनएम सुमन प्रिया, दिलीप कुमार सहित पंचायत के आशा कार्यकर्त्ता उपस्थित थी।

## मशरक में 17-18 जून को लगेगा प्रखंड जन कल्याण शिविर, एक ही स्थान पर मिलेंगी सरकारी योजनाओं की सुविधाएं

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** प्रखंड कार्यालय परिसर में 17 एवं 18 जून को सहयोग सह जन कल्याण शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर प्रखंड प्रशासन एवं विभिन्न विभागों के सहयोग से आयोजित होगा, जिसका उद्देश्य आम लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना है। बीडीओ पंकज कुमार ने शिविर की तैयारियों का जायजा लेते हुए बताया कि विभिन्न योजनाओं के सुचारू संचालन के लिए विभागवार नोडल पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है। शिविर में लोगों को योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ पात्र लाभुकों का आवेदन एवं पंजीकरण भी किया जाएगा। शिविर के दौरान आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, आयुष्मान वय वंदना कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाएं, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), लखपति दीदी योजना, पीएम स्वनिधि, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान एवं छात्रवृत्ति योजना, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना, दिव्यांगजन कल्याण योजनाएं, भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की योजनाएं तथा मुख्यमंत्री स्वयं सहायता भत्ता योजना सहित कई महत्वपूर्ण योजनाओं से संबंधित सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। प्रखंड प्रशासन ने क्षेत्र के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचकर सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की है। यह शिविर विभिन्न विभागों की सेवाओं को आम जनता तक सरल और सुलभ तरीके से पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

## रोस्टर हुआ बेअसर, मशरक सीएचसी में फिर पुराने ढर्रे पर लौटी व्यवस्था, कार्रवाई की मांग

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों की उपस्थिति और ड्यूटी व्यवस्था को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े होने लगे हैं। बीते महीने डीएम के निरीक्षण से पहले जारी चिकित्सक रोस्टर का पालन नहीं होने और मनमाने तरीके से ड्यूटी किए जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में जदयू नेता मुकेश कुमार सिंह ने शनिवार को डीएम वैभव श्रीवास्तव एवं सिविल सर्जन को लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि वे दांत के इलाज के लिए मशरक सीएचसी पहुंचे थे। पर्ची कटाने के बाद जब दंत चिकित्सक से मिलने गए तो उन्हें बताया गया कि दंत चिकित्सक अस्पताल आए ही नहीं हैं। अस्पताल प्रभारी भी अपने निर्धारित कार्यस्थल पर मौजूद नहीं मिले। इसके बाद उन्होंने अस्पताल की व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए इसकी शिकायत डीएम और सिविल सर्जन से की। उन्होंने आरोप लगाया कि बीते महीने डीएम के निरीक्षण से पहले अस्पताल प्रशासन ने चिकित्सकों का रोस्टर जारी किया था। रोस्टर लागू होने के शुरुआती दिनों में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलने लगी थीं और चिकित्सकों की उपस्थिति भी संतोषजनक थी। लेकिन समय बीतने के साथ ही व्यवस्था फिर पुराने ढर्रे पर लौट आई। अब रोस्टर का पालन नहीं हो रहा है और कई चिकित्सक निर्धारित समय पर अस्पताल नहीं पहुंच रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि अस्पताल में अक्सर डॉक्टरों की अनुपस्थिति के कारण मरीजों को निराश होकर लौटना पड़ता है। विशेष रूप से विशेषज्ञ चिकित्सकों के नहीं रहने से दूर-दराज के क्षेत्रों से आने वाले मरीजों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। जदयू नेता ने डीएम एवं सिविल सर्जन से मामले की जांच कर चिकित्सकों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा जारी रोस्टर का सख्ती से पालन कराने की मांग की है। उनका कहना है कि सरकारी अस्पतालों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए, ताकि मरीजों को समय पर इलाज मिल सके।

# प्रधानमंत्री मोदी के 12 वर्ष के कार्यकाल पर भाजपा ने आयोजित किया '12 साल बेमिसाल' कार्यक्रम



**दैनिक खोज खबर/दरियापुर (सारण)।** प्रखंड क्षेत्र के विश्वंभरपुर गांव में भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में '12 साल बेमिसाल' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा नेताओं ने केंद्र एवं राज्य सरकार की उपलब्धियों को ग्रामीणों के समक्ष रखा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष रंजीत सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 12 वर्ष का कार्यकाल देश के लिए ऐतिहासिक साबित हुआ है। उन्होंने कहा कि भाजपा एक ऐसी पार्टी है जिसकी कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है। केंद्र एवं राज्य की एनडीए सरकारों ने सड़क, परिवहन, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा उद्योग सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय विकास कार्य किए हैं। साथ ही चिकित्सा एवं अभियंत्रण महाविद्यालयों की संख्या में भी वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार की सभी योजनाएं समाज के प्रत्येक वर्ग को ध्यान में रखकर बनाई जाती हैं, जिससे बिना किसी भेदभाव के सबका विकास सुनिश्चित हो सके।

भाजपा के वरीय नेता एवं सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह ने कहा कि एनडीए सरकार जनता से किए गए वादों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने सारण में कराए गए विभिन्न विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि दरिहरा हवाई अड्डा, फोरलेन सड़क, गैस पाइपलाइन, डबल डेकर पुल, नमामि गंगे योजना के तहत नदी घाटों का निर्माण तथा कान्य नाला के जीर्णोद्धार जैसे कार्यों से क्षेत्र के विकास को नई गति मिली है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेश ओझा ने सरकार की नीतियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एनडीए सरकार ने देश को आंतरिक एवं बाहरी दोनों स्तरों पर मजबूत बनाया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की नीतियों के कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की प्रतिष्ठा बढ़ी है। साथ ही भाजपा को विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनाने में कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों के योगदान के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

मंडल अध्यक्ष सह सरपंच मंटू बाबा ने भी केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी।कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष मोनू सिंह, जितेंद्र सिंह, अशोक सिंह, सरपंच प्रतिनिधि लक्ष्मण शर्मा, जिला कार्यालय प्रभारी आरदेधु सिंह, सुनील गुप्ता, धनंजय चौबे, मनोज पंडित, मनोज ठाकुर, अमन तिवारी, रत्ना देवी, गुड्डू सिंह, अम्बिका सिंह, मुन्ना सिंह, गोपाल जी, अजय साह, मनीष गुप्ता सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## डीएओ ने मढ़ौरा प्रखंड कृषि कार्यालय और बाजार की रिटेल खाद-बीज दुकानों का किया औचक निरीक्षण



**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** जिला कृषि पदाधिकारी डॉ. मधुरेन्द्र कुमार सिंह ने शनिवार को मढ़ौरा प्रखंड कृषि कार्यालय और स्थानीय बाजार की रिटेल खाद-बीज दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ई-किसान भवन में कृषि कर्मियों की उपस्थिति और फार्मर रजिस्ट्री कार्य की प्रगति की समीक्षा की। कार्य में शिथिलता को लेकर डीएओ ने संबंधित कर्मियों को कड़ी फटकार लगाई और फार्मर रजिस्ट्री के काम में तेजी लाने का सख्त निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिन किसानों के नाम से जमीन की ऑनलाइन रसीद नहीं कट रही है, उन्हें अपने नाम पर जमीन का दाखिल-खारिज और परिमार्जन कराने के लिए प्रेरित किया जाए, ताकि उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। इसके साथ ही उन्होंने आगामी 18 जून को आयोजित होने वाले खरीफ महोत्सव की सूचना गांव-गांव के किसानों तक पहुंचाने का निर्देश दिया। प्रखंड कार्यालय के निरीक्षण के बाद डीएओ ने मढ़ौरा बाजार स्थित किसान बीज भंडार और बिहार बीज भंडार सहित कई रिटेल खाद-बीज दुकानों की सघन जांच की। उन्होंने मुख्य रूप से स्टॉक और बिक्री रजिस्टर का मिलान किया।

## शेरपुर में 102 लाभार्थियों को मिला आयुष्मान गोल्डन कार्ड



**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** प्रखंड क्षेत्र की अगहरा पंचायत अंतर्गत शेरपुर गांव में शनिवार को एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन कर 102 जरूरतमंदों के बीच आयुष्मान गोल्डन कार्ड का वितरण किया गया। गोल्डन आयुष्मान कार्ड का वितरण स्थानीय सांसद राजीव प्रताप रूडी के सौजन्य से किया गया, जिससे क्षेत्र के गरीब परिवारों को मुफ्त और बेहतर स्वास्थ्य सेवा का लाभ मिल सकेगा। गांव के सुभाष सिंह के आवास पर आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जेपी सेनानी व भाजपा नेता शम्भू प्रसाद सिंह, पप्पू सिंह, आर्य सुमन्त और उदय कुमार सिंह उपस्थित रहे। इन सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से आयुष्मान योजना के लाभार्थियों को अपने हाथों से गोल्डन कार्ड सौंपे।इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार की यह योजना गरीबों के लिए वरदान साबित हो रही है। कार्ड मिलने से अब ग्रामीणों को गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक तंगी का सामना नहीं करना पड़ेगा। इस जनकल्याणकारी कार्य के लिए शेरपुर के ग्रामीणों ने स्थानीय सांसद राजीव प्रताप रूडी के प्रति आभार प्रकट किया है।

## प्रधानमंत्री जी से इंस्पायर हो करके टीम मोदी का छोटा गिलहरी बनने के प्रयास में अपनी आईपीएस की नौकरी छोड़ दी- आनंद मिश्रा



**दैनिक खोज खबर/जलालपुर(सारण)।** प्रधानमंत्री को मैं केवल एक नेता के रूप में नहीं देखता हूं बल्कि उन्हें मैं एक कुशल प्रशासक देखता हूं।उनसे इंस्पायर हो करके मैं टीम मोदी का छोटा गिलहरी बनने के प्रयास में अपनी आईपीएस की नौकरी छोड़ दी है,उक्त बातें बक्सर के विधायक व पूर्व आईपीएस आनंद मिश्रा ने जलालपुर के हरपुर शिवालय स्थित किसान सभागार में केन्द्र की एनडीए सरकार के बारह वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित मीडिया संवाद में कहीं।उन्होंने बताया कि सरकार के 12 गौरवशाली वर्ष पूरे हुए हैं।यह 12 साल केवल सरकार के नहीं है।यह 12 साल भारत के स्वाभिमान सुरक्षा और आत्मनिर्भर बनने के 12 साल है। इतिहास में ऐसे क्षण अत्यंत दुर्लभ होते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा करते हुए कहा कि देश के सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले प्रधानमंत्री बने हैं।उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री पंडित नेहरू के कार्यकाल को पीछे छोड़ दिया है। वे मीडिया संवाद कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। उन्होने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षो में देश में हुए विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने गरीब, किसान, महिला, युवा एवं वंचित वर्गो के उत्थान के लिए अनेक योजनाएं लागू की हैं, जिनका लाभ देश के करोड़ों लोगों तक पहुंचा है।सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने कहा कि भारत आज वैश्विक स्तर पर अपनी एक मजबूत पहचान बना चुका है। आर्थिक, तकनीकी, आधारभूत संरचना, डिजिटल क्रांति और विदेश नीति के क्षेत्र में देश ने उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की प्रतिष्ठा अंतरराष्ट्रीय मंचों पर लगातार बढ़ी है और देश विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में तेजी से आगे बढ़ रहा है।उन्होने पिछले बारह वर्षो मे महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र मे हुए विकास कार्यो, आईटीबीपी की स्थापना, अच्छी सड़को का बनना, मशरख महाराजगंज ट्रेन रूट का बनना, दो केन्द्रीय विद्यालयो सहित क ई अन्य को विस्तार से बताया। एमएलसी सच्चिदानंद राय ने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास किया गया है। विकास और सुशासन के कारण जनता का विश्वास सरकार के प्रति और मजबूत हुआ है। कार्यक्रम के दौरान सारण भाजपा पश्चिमी के जिलाध्यक्ष उमेश तिवारी ने केंद्र सरकार की विभिन्न उपलब्धियों, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा आगामी विकास कार्यों की रूपरेखा पर भी प्रकाश डाला। मीडिया की ओर से विभिन्न मुद्दों पर क ई प्रश्न पूछे गए , जिनका वक्ताओं द्वारा विस्तारपूर्वक उत्तर दिया गया।

मौके पर मौके पर भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य प्रमोद सिंह सिग्रीवाल,जिला सोशल मीडिया प्रभारी दीपू चतुर्वेदी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामाशंकर मिश्र शांडिल्य, बीरबल कुशवाहा,ढुनमुन सिंह,संजीव मिश्रा, किसान मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज पांडेय, जिला मंत्री गायत्री देवी,अनुपम देवी मुकुल कुमार सहित कई अन्य भी थे।

## दिघवारा मे शराब लदा पिकअप दुर्घटनाग्रस्त, लोगों में शराब लूट की रही अफरातफरी



**दैनिक खोज खबर/दिघवारा(सारण)।** थाना क्षेत्र के छपरा-हाजीपुर फोरलेन मुख्य मार्ग पर शनिवार को एक पिकअप वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यह घटना विजय ढाबा के समीप हुई।

हादसे के बाद वाहन में छिपाकर रखी गई अवैध शराब सड़क पर बिखर गई, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। पिकअप में एक तहखाना बनाकर अवैध रूप से अंग्रेजी शराब की तस्करी की जा रही थी। दुर्घटना इतनी जोरदार थी कि वाहन का संतुलन बिगड़ गया और उसमें छिपाकर रखे गए शराब के पैकेट सड़क पर फैल गए। शराब सड़क पर बिखरते ही राहगीरों और आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस के पहुंचने से पहले ही कई लोग शराब के पैकेट लेकर मौके से फरार हो गए। इस दौरान घटनास्थल पर कुछ देर के लिए लूटपाट और अफरा-तफरी का माहौल बन गया था।

सूचना मिलते ही दिघवारा पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने घटनास्थल से बची हुई शराब और दुर्घटनाग्रस्त पिकअप वाहन को जब्त कर लिया है। एसआई भरत साह ने बताया कि जब्त की गई शराब 'ऑफिसर चॉइस' ब्रांड के टेट्रा पैक में थी, जिसकी कुल मात्रा लगभग 60 लीटर है। हादसे के बाद पिकअप चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुट गई है।

## हनुमानगंज उप स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल, मरीजों को घंटों करना पड़ता है इंतजार

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं सुदृढ़ करने के उद्देश्य से स्थापित उप स्वास्थ्य केंद्रों की स्थिति कई जगहों पर बदहाल बनी हुई है। मशरक प्रखंड के हनुमानगंज गांव स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र भी इसी समस्या से जूझ रहा है। केंद्र पर नियमित स्वास्थ्य सेवाएं नहीं मिलने से ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। ग्रामीणों का आरोप है कि केंद्र पर तैनात स्वास्थ्य कर्मी निर्धारित समय पर नहीं पहुंचते और अपनी सुविधा के अनुसार केंद्र का संचालन करते हैं। कभी केंद्र देर से खुलता है तो कभी समय से पहले ही बंद कर दिया जाता है। इससे इलाज के लिए आने वाले मरीजों को घंटों इंतजार करना पड़ता है, जबकि कई मरीज बिना उपचार कराए ही वापस लौटने को मजबूर हो जाते हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि सरकार द्वारा केंद्र में फर्नीचर और आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था की गई है, लेकिन उनका समुचित उपयोग नहीं हो रहा है। स्वास्थ्य सुविधाओं के नाम पर केवल औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं, जबकि ग्रामीणों को अपेक्षित लाभ नहीं मिल पा रहा है। लोगों का कहना है कि केंद्र की व्यवस्था पूरी तरह भगवान भरोसे चल रही है। ग्रामीणों के अनुसार, गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ता है। दूर-दराज से आने वाले मरीज केंद्र पहुंचने के बाद स्वास्थ्य कर्मियों का इंतजार करते रहते हैं। कई बार उन्हें इलाज के लिए मशरक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र या निजी क्लीनिकों का सहारा लेना पड़ता है, जिससे उन पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ता है।ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से उप स्वास्थ्य केंद्र की कार्यप्रणाली की जांच कराने, कर्मियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा स्वास्थ्य सेवाओं को सुचारु रूप से संचालित कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय पर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध नहीं होंगी तो ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य केंद्रों की उपयोगिता पर ही सवाल खड़े हो जाएंगे।

## आपसी रंजिश में महिला- माहिला मे मारपीट

**दैनिक खोज खबर/(सारण)।** आपसी विवाद में महिला ने गले से चेन छीनकर मारपीट की । मामला थाना क्षेत्र के कैतुका नंदन गांव की है । निर्मला देवी पति बीरेंद्र शर्मा ने मकेर थाना में एक लिखित शिकायत दर्ज कराई है जिसमे उन्होंने अपने पट्टीदार धर्मनाथ शर्मा की पतोहू एवम सुरेन्द्र शर्मा की पत्नी अनिता देवी ने किसी विवाद को लेकर मारपीट की एवम गले से चेन छीनकर फरार हो गयी। पुलिस ने आवेदन पत्र प्राप्त कर प्राथमिकी दर्ज कर कारवाई में जुट गई है । फिलहाल किसी की गिरफ्तारी की सूचना नही है।

## दिघवारा मे तीन सौ लीटर देशी शराब जप्त, तीन धंधेबाज गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/दिघवारा(सारण)।** बिहार में पूर्ण शराबबंदी कानून लागू होने के बावजूद दिघवारा मे शराब के धंधेबाज शराब निर्माण तथा तस्करी से बाज नहीं आ रहे है।पुलिस द्वारा आये दिन शराब माफियाओं के खिलाफ अभियान चलाकर करवाई की जाती है फिर भी इन धंधेबाजों पर कोई असर नहीं होता है।इसी कड़ी में दिघवारा पुलिस ने थाना क्षेत्र के आमी दियारा तथा पश्चिमी रेलवे फाटक के समीप से 300 लीटर देशी शराब को जप्त किया है साथ ही तीन शराब तस्कर को भी गिरफ्तार किया है।थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि आमी दियारा से पॉलीथिन में रखे कुल 220 लीटर शराब जप्त किया गया,साथ ही दो तस्कर को एक बाइक के साथ गिरफ्तार किया गया।इस दौरान शराब भट्ठी को ध्वस्त करने के साथ लगभग तीन हजार लीटर निर्मित शराब को नष्ट किया गया।वही दिघवारा पश्चिमी रेल फाटक के पास एक बाइक सवार युवक को 80 लीटर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।



## बीसीओ ओम प्रकाश झा ने प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी का सम्भाल पद

**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** लंबे प्रतीक्षा के बाद तरैया प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी (बीईओ) के पद पर प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी (बीसीओ) ओमप्रकाश झा को प्रतिनियुक्त किया गया हैं। शुक्रवार को बीईओ श्री झा ने अपना पदभार ग्रहण किया। पदभार संभालते ही उन्होंने शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने और विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने को अपनी पहली प्राथमिकता बताया।

जानकारी के अनुसार तरैया के प्रभारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अजय कुमार शर्मा 31 मई 2026 को सेवानिवृत्त हो गए थे। उनके सेवानिवृत्त होने के बाद से बीईओ का पद रिक्त चल रहा था। जिला शिक्षा पदाधिकारी सारण के आदेश के आलोक में प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी



ओमप्रकाश झा को बीईओ का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया हैं।

शुक्रवार को उन्होंने औपचारिक रूप से कार्यभार ग्रहण कर शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी संभाल ली। कार्यभार ग्रहण करने के बाद बीईओ ओमप्रकाश झा ने कहा कि प्रखंड की शिक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाना उनका मुख्य लक्ष्य होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि विद्यालयों में शैक्षणिक माहौल बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जाएंगे।

प्रभार ग्रहण करने के बाद विभिन्न शिक्षक संगठनों और शिक्षकों ने ओमप्रकाश झा को फूल-मालाओं और गुलदस्ता देकर स्वागत किया। इस दौरान शिक्षकों ने उनसे शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा देने की उम्मीद जताई। स्वागत कार्यक्रम में प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष महेश्वर सिंह, परिवर्तनकारी शिक्षक संघ के अध्यक्ष रंजीत सिंह, समन्वयक संजीव कुमार सिंह, प्रधानाध्यापक मनोज कुमार सिंह, आदित्य प्रसाद यादव, अनिल कुमार यादव, धीरज कुमार, डाटा ऑपरेटर गुड्डू कुमार, दीपक कुमार समेत बड़ी संख्या में शिक्षक और शिक्षा विभाग से जुड़े लोग उपस्थित रहे।

## बिहार पुलिस, आर्मी एवं बीएमपी में चयनित अभ्यर्थियों का सम्मान

**दैनिक खोज खबर/इसुआपुर(सारण)।** सैनिक ट्रेनिंग सेंटर एवं सैनिक फिजिकल अकैडमी, जयथर में शुक्रवार की संध्या बिहार पुलिस, आर्मी एवं बीएमपी में चयनित छात्र-छात्राओं के सम्मान में समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थापक मुन्ना सिंह ने की, जबकि संचालन बंटी ओझा ने किया।इस अवसर पर एकेडमी की ओर से सफल अभ्यर्थियों को मेडल, अंगवस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। संस्थापक मुन्ना सिंह ने चयनित अभ्यर्थियों की मेहनत, अनुशासन और लगन की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि अकैडमी के इस बैच से 33 अभ्यर्थियों का चयन बिहार पुलिस, आर्मी एवं बीएमपी में हुआ है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों से एकेडमी लगातार सफलता का नया कीर्तिमान स्थापित कर रही है तथा प्रतिवर्ष 100 से 150 अभ्यर्थी विभिन्न सेवाओं में चयनित हो रहे हैं। अब तक एक हजार से अधिक अभ्यर्थी यहां से सफलता प्राप्त कर चुके हैं। प्रशिक्षक कुंदन सिंह ने बताया कि पिछले एक वर्ष में एकेडमी के 152 अभ्यर्थियों का विभिन्न सेवाओं में चयन हुआ है?। समारोह में उपस्थित प्रियंका सिंह ने चयनित अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए अन्य विद्यार्थियों को भी उनसे प्रेरणा लेकर लक्ष्य प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयासरत रहने का संदेश दिया।मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष सह भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता प्रियंका सिंह, उप प्रमुख प्रतिनिधि डब्लू ओझा, भाजपा नेता धीरज सिंह, सरपंच परमात्मा सिंह, आशुतोष कुमार सिंह, तरैया थानाध्यक्ष, राजकिशोर महतो, नंदकिशोर सिंह, तूफानी सिंह, नितेश सिंह सहित बड़ी संख्या में अभिभावक एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## मिठाई दुकान के कर्मी ने फांसी लगाकर दी जान,कमरे का दरवाजा तोड़ने पर फंदे से लटका मिला शव

**दैनिक खोज खबर/डोरीगंज(सारण)।** डोरीगंज थाना क्षेत्र के मुसेपुर चौक स्थित एक किराये के मकान में रह रहे मिठाई दुकान के कर्मचारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना शनिवार की बताई जा रही है। मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के रानीगंज निवासी 35 वर्षीय अमरनाथ गुप्ता के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार अमरनाथ मुसेपुर स्थित एक मिठाई दुकान में कार्यरत था। शनिवार की सुबह वह दुकान पर काम करने के बाद आराम करने की बात कहकर अपने कमरे में चला गया। दोपहर तक उसके वापस नहीं लौटने पर दुकान मालिक उसे बुलाने पहुंचे। काफी देर तक आवाज लगाने और दरवाजा खटखटाने के बावजूद अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलने पर स्थानीय मुखिया, डायल 112 तथा डोरीगंज पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस और स्थानीय लोगों की मौजूदगी में कमरे का दरवाजा तोड़ा गया। अंदर का दृश्य देखकर सभी स्तब्ध रह गए। अमरनाथ का शव गमछे के फंदे से लटका हुआ मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। घटना की सूचना परिजनों को दे दी गई है। पुलिस ने बताया कि मामले की विभिन्न पहलुओं से जांच की जा रही है तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा।

## सोनपुर अंचल अमीन को कार्य नहीं करने पर मिली धमकी, युवक गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर ।** सोनपुर प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर दूधैला मकदुमपुर में एक अंचल अमीन को कथित रूप से जान से मारने और पैर काटने की धमकी दिए जाने का मामला सामने आने के बाद सरकारी कर्मियों में भय व्याप्त हों गया है। घटना के संबंध में पीड़ित अमीन अशोक शाह ने सोनपुर थाने में लिखित शिकायत देकर आरोपित के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।जहाँ पुलिस ने आवेदन के आलोक में मामले की तहकीकात करते हुए युवक को गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया. जानकारी के अनुसार, पूर्वी चंपारण जिले के घोड़ासहन निवासी तथा वर्तमान में सोनपुर अंचल कार्यालय में पदस्थापित अमीन अशोक प्रसाद साह गुरुवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय स्थित पंचायत सरकार भवन,दुधैला-मखदूमपुर पहुंचे थे। आरोप है कि इसी दौरान छीतरचक गांव निवासी धनेश्वर राय पिता राम किशुन राय ने उनका मोबाइल फोन और मोटरसाइकिल की चाबी छीन ली तथा उन्हें गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। शिकायत में कहा गया है कि किसी तरह वह अपने कार्यालय पहुंचे, लेकिन आरोपित ने उनकी मोटरसाइकिल को क्षतिग्रस्त कर दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी के कक्ष में राजस्व अधिकारी की उपस्थिति में दोनों पक्षों को बुलाया गया।पीड़ित ने पुलिस को दिए आवेदन में अपनी सुरक्षा को लेकर चिंता जताते हुए कहा है कि भविष्य में उनके साथ कोई अप्रिय घटना घट सकती है। वही प्रखंड सह अंचल कार्यालय में आए लोगों ने बताया कि यह भूमि विवाद से संबंधित मामला है। भूस्वामी अपने भूमि से संबंधित कार्यों कराने के लिए बराबर अंचल कर्मियों से परेशान रहते हैं। घटना के समय जिला भू-अर्जन कार्यालय के अमीन मनोज कुमार सिंह, अंचल गार्ड अजय कुमार शर्मा, राजस्व अधिकारी संजीव कुमार, अमीन कुमार सौरभ समेत कई कर्मी मौजूद थे।

## तरैया के नेवारी में रात्रि में चोरों ने की चोरी, घर में घुसकर लाखों के जेवरात व नकदी ले गए चोर

**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** थाना क्षेत्र के नेवारी गांव में शुक्रवार की देर रात चोरों ने एक घर को अपना निशाना बनाते हुए लाखों रुपये मूल्य के जेवरात व नकदी की चोरी कर ली। घटना के बाद परिवार के लोगों में दहशत का माहौल है, जबकि महिलाओं का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार, नेवारी निवासी दारोगा राय के घर में रात करीब एक बजे चोर पीछे की ओर से करकट के सहारे छत पर चढ़ गए। इसके बाद सीढ़ी के रास्ते घर के अंदर प्रवेश कर गए। चोरों ने पहले घर के दो कमरों में सो रहे लोगों को बाहर से कुंडी लगाकर बंद कर दिया, ताकि कोई उनका विरोध न कर सके। इसके बाद चोरों ने घर के तीन कमरों में रखे सात बक्सों को खंगाल डाला। बताया जाता है कि परिवार के पांच सदस्यों के सोने-चांदी के जेवरात, जिनकी कीमत करीब 20 लाख रुपये बताई जा रही है, तथा 10 से 12 हजार रुपये नकद लेकर फरार हो गए। घटना के दौरान चोर सातों बक्सों को घर से लगभग 700 मीटर दूर खेत बधार में ले गए, जहां उन्हें तोड़कर उसमें रखे कीमती सामान निकाल लिए और खाली बक्से छोड़कर फरार हो गए। परिजनों को चोरी की जानकारी तब हुई जब देर रात दारोगा राय शौच के लिए बाहर निकलने का प्रयास करने लगे। उन्होंने देखा कि कमरे का दरवाजा बाहर से बंद है। शोर मचाने पर आसपास के लोग पहुंचे और दरवाजे की कुंडी खोलकर परिवार के सदस्यों को बाहर निकाला। इसके बाद चोरी की घटना का पता चला। घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय मुखिया मुकेश कुमार यादव मौके पर पहुंचे और पुलिस को जानकारी दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू कर दी है। इस बड़ी चोरी की घटना से गांव में दहशत का माहौल है। पीड़ित परिवार ने जल्द से जल्द चोरी गए सामान की बरामदगी और दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

## जनता दरबार में राजस्व पदाधिकारी ने सुनी फरियादें, 4 मामलों का हुआ निष्पादन



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर नये भवन दूधैला के मखदुमपुर स्थित सीओ कार्यालय कक्ष में सरकार के दिशा निर्देशानुसार जनता दरबार का आयोजन शनिवार को राजस्व पदाधिकारी संजीव कुमार ने अपने अंचल कर्मी सतीश कुमार, राजस्व कर्मी अभिषेक आनंद, उपेंद्र कुमार,चन्द्रदीप कुमारव नयागाव थाना एसआई दीपक कुमार के साथ बैठक कर जनता दरबार में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से ग्रामीण अपनी भूमि संबंधी समस्याओं और विवादों को लेकर पहुंचे थे।

जनता दरबार में पहले से लंबित पुराने मामलों व नये मामले की गहन सुनवाई की। जहाँ राजस्व पदाधिकारी संजीव कुमार सिंह ने बताया कि साक्ष्यों की जांच के बाद इनमें से कुल 4 मामलों का मौके पर ही निपटारा कर दिया गया।

वहीं सुनवाई के दौरान ग्रामीणों द्वारा भूमि विवाद से जुड़े कुल 5 नए आवेदन भी दर्ज कराए गए। इसके बाद अब लंबित मामलों की कुल संख्या फिर से 30 हो गई है। अधिकारियों के अनुसार, जिन मामलों का निपटारा नहीं हो सका, उनके कागजात अधूरे या त्रुटिपूर्ण पाए गए।

संबंधित आवेदकों को दस्तावेज सुधार कर अगले शनिवार को आने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि सोनपुर में 3 नए मामले आए जबकि 2 पुराने मामलों का निष्पादन हुआ है अब तक कुल मामला 10 लंबित है जबकि नयागांव में 2 नए मामले आए हैं 2 पुराने मामलों का निष्पादन किया है कुल 12 मामले लंबित है जबकि पहलेजा थाना क्षेत्र के कुल 4 मामले लंबित है हरिहरनाथ थाना के 4 पुराने मामले लंबित है. जिन आवेदन में एक पक्ष आए दूसरे पक्ष नहीं आए हैं उन्हें अगले हफ्ते आने के लिए नोटिस निर्गत की गई है। शांतिपूर्ण तरीके से लगाई गई जनता दरबार संपन्न हुआ।

## मेडिकल कॉलेज पहुंच पथ के लिए भूमि अधिग्रहण पर किसानों का विरोध तेज



**दैनिक खोज खबर/डोरीगंज(सारण)।** सारण में नवनिर्मित मेडिकल कॉलेज के पहुंचपथ निर्माण के लिए प्रस्तावित भूमि अधिग्रहण को लेकर शेरपुर माला मौजा के किसानों ने सरकार द्वारा निर्धारित मुआवजा दर पर कड़ा विरोध जताया है। शनिवार को माला गांव में प्रभावित रैयतों की बैठक हुई, जिसमें किसानों ने कहा कि वे मेडिकल कॉलेज जैसी जनहित की परियोजना के पक्षधर हैं, लेकिन उनकी जमीन का उचित मूल्य मिलना भी आवश्यक है। किसानों के अनुसार भू-अर्जन विभाग ने 26 जून तक भूमि संबंधी दस्तावेज जमा करने का नोटिस जारी किया है। उनका आरोप है कि सरकार ने करीब 1.84 लाख रुपये प्रति कट्ठा मुआवजा तय किया है, जबकि क्षेत्र में जमीन की वास्तविक बाजार कीमत इससे कई गुना अधिक है। किसानों का कहना है कि भूमि अधिग्रहण कानून के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में बाजार मूल्य का चार गुना तक मुआवजा दिया जाना चाहिए। बैठक में किसानों ने यह भी याद दिलाया कि लगभग 12 वर्ष पूर्व रेलवे परियोजना के लिए इसी क्षेत्र में भूमि अधिग्रहण के दौरान अधिक दर से मुआवजा दिया गया था।

## सोनपुर के लाल नवीन प्रकाश सिंह बने भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट, क्षेत्र में खुशी की लहर



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर प्रखंड अंतर्गत पहाड़ी चक गांव निवासी नवीन प्रकाश सिंह भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट पद पर कमीशन प्राप्त कर अधिकारी बन गए हैं। उनकी इस उपलब्धि से परिवार सहित पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। नवीन प्रकाश सिंह, पिता नरेंद्र कुमार सिंह माँ श्रीमती उषा सिंह तथा स्वर्गीय गंभीरा सिंह के पौत्र हैं। देहरादून स्थित इंडियन मिलिट्री अकादमी में आयोजित भव्य पासिंग आउट परेड के दौरान उन्हें भारतीय सेना में कमीशन प्रदान किया गया। कठोर सैन्य प्रशिक्षण, अनुशासन, समर्पण और अथक परिश्रम के बल पर उन्होंने यह गौरवपूर्ण सफलता हासिल की। परेड की निरीक्षण अधिकारी भारत की राष्ट्रपति एवं सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर द्रोपदी मुर्मू रहीं। इस अवसर पर उन्होंने नव-नियुक्त सैन्य अधिकारियों को संबोधित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह के दौरान लेफ्टिनेंट नवीन प्रकाश सिंह को देवेंद्र शर्मा द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस गौरवपूर्ण पल के साक्षी बनने के लिए उनके परिवारजन, रिश्तेदार और शुभचिंतक भी मौजूद रहे। नवीन प्रकाश सिंह की

## पंचायत में तिथि वार लग रहे सहयोग-सह-जन कल्याण शिविर

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से सोनपुर प्रखंड के हर पंचायत में तिथि वार सहयोग-सह-जन कल्याण शिविर का आयोजन किया जा रहा है । जिसमें 16 जून 26 क़ो चतुरपुर, रसुलपुर जबकि 7 जुलाई --परमान्दपुर, गोविन्दचक वही 21 जुलाई --सैदपुर, कसमर में शिविर लगेंगे। इसी तरह प्रत्येक माह के प्रथम व तृतीय तिथि क़ो अन्य पंचायत में सहयोग शिविर लगेंगे। शिविर में केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत आवेदन प्राप्त करने, समस्याओं के समाधान, लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ने तथा विभिन्न सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाएगी। शिविर में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, आयुष्मान वय वंदना कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, पीएम आवास योजना (ग्रामीण), राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना, पीएम स्वनिधि, किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी), प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना, दिव्यांगजन कल्याण योजनाएं, बीओसीडब्ल्यू कल्याण बोर्ड तथा अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं से संबंधित सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उक्त बात के जनकारी देते हुए सोनपुर बीपीआरओ राजेश कुमार ने शनिवार के बताये कि सभी विभागों को निर्देश दिया है कि शिविर स्थल पर पर्याप्त संख्या में हेल्प डेस्क स्थापित किए जाएं।

## अंग्रेजी शराब के साथ एक कारोबारी गिरफ्तार, दो भागने में हुए सफल

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** हरिहरनाथ पुलिस ने अंग्रेजी शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर लिया. इस बात की जानकारी देते हुए थानध्यक्ष विकास कुमार ने शनिवार के बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी की गई..जहां आनंदपुर के लोरीक राय के पुत्र अवधेश राय अपने पुत्रों के साथ अंग्रेजी शराब बेच रहा था.जहां पुलिस ने छापामारी की. पुलिस के देखते ही तीनो शराब बिक्रेता भागने लगे जहां पुलिस ने खादर कर अवधेश राय को गिरफ्तार कर लिया। उसका दोनों पुत्र झोला में रखे अंग्रेजी शराब लेकर भागने में सफल रहा है।

## गोपालपुर में मॉर्निंग वॉक पर निकली महिला से चेन झपटने का किया प्रयास

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर ।** नयागांव थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव में शनिवार की सुबह बाइक सवार बदमाशों ने मॉर्निंग वॉक पर निकली एक महिला से सोने की चैन झपटने का प्रयास किया लेकिन वह सफल नहीं हुआ। जानकारी के अनुसार गोपालपुर निवासी शिक्षक अजीत सिंह की पत्नी बबीता देवी शनिवार सुबह करीब 4:20 बजे मॉर्निंग वॉक पर निकली थीं। इसी दौरान एक बाइक पर सवार दो युवक गांव के मंदिर के समीप पहुंचे। महिला को अकेला देखकर उन्होंने पहले बाइक घुमाई और फिर एक व्यक्ति का पता पूछने के बहाने उसके पास पहुंचे।

## सोनपुर रेल सामुदायिक भवन में समर कैंप में बच्चों ने दिखाई रचनात्मक प्रतिभा



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** महिला कल्याण संगठन, सोनपुर के तत्वावधान में मॉन्टेसरी विद्यालय, विनोद भवन द्वारा आयोजित समर कैंप का समापन सोनपुर रेल सामुदायिक भवन में उत्साहपूर्ण माहौल में शुक्रवार क़ो हुआ। इस समर कैंप में करीब 120 बच्चों ने भाग लिया। कैंप के दौरान बच्चों को नृत्य, चित्रकला, योग, मेडिटेशन, आर्ट एवं क्राफ्ट का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में बच्चों ने अपनी प्रतिभा को निखारा और नई रचनात्मक गतिविधियों को सीखा। समापन समारोह में बच्चों ने नृत्य, कला और हस्तशिल्प के माध्यम से अपनी रचनात्मक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया, जिसकी उपस्थित अभिभावकों एवं अतिथियों ने मुक्तकंठ से सराहना की।

इस दौरान बच्चों में आत्मविश्वास और सृजनात्मक सोच का भी विकास देखने को मिला। कार्यक्रम में प्रतिभागी बच्चों को प्रशस्ति-पत्र एवं कलर सेट देकर सम्मानित किया गया। वहीं विद्यालय के शिक्षकों और प्रशिक्षकों को उनके योगदान के लिए स्मृति-चिन्ह एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए गए। महिला कल्याण संगठन की पदाधिकारियों ने कहा कि इस तरह के आयोजन बच्चों के व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास और रचनात्मक क्षमता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हर्षोल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न यह समर कैंप बच्चों के लिए अवकाश का यादगार अनुभव बन गया।



## रिश्तों को जोड़ने और मजबूत करने का माध्यम है खेल : विधायक

**भगवानपुर हाट (सिवान)।** प्रखंड के सकरी गांव में शुक्रवार को आयोजित मीरजुमला प्रीमियर लीग 2026 के फाइनल मुकाबले में सकरी की टीम ने मीरजुमला को पांच विकेट से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। मैच का आयोजन रविरंजन कुमार कुशवाहा के नेतृत्व में किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन व्यापार मंडल अध्यक्ष बबन तिवारी ने फीता काटकर व खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। फाइनल मैच के समापन पर स्थानीय विधायक हेमनारायण साह ने विजेता टीम को ट्राफी प्रदान की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि रिश्तों को जोड़ने और समाज में आपसी भाईचारे को मजबूत करने का माध्यम है। खिलाड़ियों को हमेशा खेल भावना के साथ मैदान में उतरना चाहिए। उन्होंने कहा कि गांव की गलियों से निकलकर 15 वर्षीय क्रिकेट खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है, जो युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। इससे पूर्व टास जीतकर सकरी टीम के कप्तान गुफरान ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए मीरजुमला की टीम 12 ओवर में 120 रन बनाकर आलआउट हो गई। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी सकरी टीम ने नौ ओवर में पांच विकेट खोकर जीत दर्ज कर ली। गुफरान को मैन आफ द मैच तथा एहसान को मैन आफ द सीरीज चुना गया। मौके पर शिक्षक विनय कुमार सिंह, गुरुचर प्रसाद गुरु सहित कई गणमान्य लोग व खेलप्रेमी मौजूद थे।

## शादी का कार्ड बांटने जा रहे दो युवक सड़क दुर्घटना में घायल, एक रेफर

**बड़हरिया (सिवान)।** बड़हरिया-जामो मुख्य पथ पर पलटू हाता स्कूल के समीप शनिवार को सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। दोनों युवक शादी का निमंत्रण पत्र बांटने जा रहे थे। घायलों की पहचान दारौंदा थाना क्षेत्र के दारौंदा बाजार निवासी दिलीप प्रसाद के पुत्र चंदन कुमार तथा उमेश प्रसाद के पुत्र बंटी कुमार के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही जामो बाजार थाना की 112 पुलिस टीम के एसआइ राजेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दोनों घायलों को तत्काल इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। वहीं घायल बंटी कुमार की स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया, जबकि चंदन कुमार का उपचार स्थानीय स्तर पर किया गया। बताया जाता है कि चंदन कुमार और बंटी कुमार बाइक से जामो बाजार स्थित अपने रिश्तेदार के घर शादी का कार्ड बांटने जा रहे थे। इसी दौरान पलटू हाता स्कूल के समीप उनकी बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क पर पलट गई। दुर्घटना में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घटना की सूचना घायलों के स्वजनों को दे दी है। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई और राहत कार्य में सहयोग किया।

## भादा खुर्द में 2.31 करोड़ की लागत से बनेगा पंचायत सरकार भवन, विधायक ने रखी आधारशिला

**लकड़ी नबीगंज (सिवान)।** प्रखंड के भादा खुर्द पंचायत के खुशियाल डुमरी गांव में 2.31 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले आधुनिक पंचायत सरकार भवन का गोरेयाकोठी विधायक देवेशकांत सिंह ने शनिवार को शिलान्यास किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। विधायक ने बताया कि पंचायत सरकार भवन का निर्माण के लिए स्वीकृति प्राप्त हुआ है। भवन बनने के बाद पंचायत स्तर पर ही विभिन्न सरकारी सेवाएं उपलब्ध होंगी, जिससे लोगों को प्रखंड मुख्यालय का चक्कर लगाने से राहत मिलेगी। शिलान्यास के बाद आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए विधायक देवेशकांत सिंह ने कहा कि एनडीए सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। पंचायत सरकार भवन के निर्माण से आरटीपीएस काउंटर, जाति, आय एवं निवास प्रमाण पत्र सहित कई सरकारी सुविधाएं एक ही परिसर में उपलब्ध होंगी। इससे पंचायतवासियों का समय और संसाधन दोनों बचेंगे। उन्होंने कहा कि गोरेयाकोठी विधानसभा का चहुंमुखी विकास उनकी प्राथमिकता है और क्षेत्र में कई विकास योजनाओं पर कार्य जारी है। इस दौरान विधायक ने भादा खुर्द पंचायत के पूर्व मुखिया प्रतिनिधि एवं समाजसेवी स्व. राजकिशोर सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि पंचायत के विकास में उनका योगदान अविस्मरणीय है। उनके अधूरे सपनों को पूरा करना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मौके पर मुखिया रिपु देवी, जिला पार्षद प्रतिनिधि त्रिभुवन सिंह, मुखिया रंजीत कुमार, रामजिनीश सिंह, ब्रजेश सिंह, मनोज कुमार सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधि, प्रबुद्ध नागरिक और ग्रामीण मौजूद रहे। वहीं ग्रामीणों ने पंचायत सरकार भवन की स्वीकृति पर विधायक के प्रति आभार जताया।

## पिकअप व बाइक की टक्कर में दो युवक घायल, एक गंभीर

**भगवानपुर हाट (सिवान)।** थाना क्षेत्र से होकर गुजरने वाले एनएच 331 पर स्थित जगदीशपुर गांव के समीप शनिवार की सुबह तेज रफ्तार पिकअप और बाइक की टक्कर में बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। घायलों की पहचान बसंतपुर थाना क्षेत्र के खोरीपाकड़ निवासी संतोष राय के पुत्र सुधांशु कुमार और प्रियांशु कुमार के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों व राहगीरों की मदद से दोनों घायलों को इलाज के लिए स्वास्थ्य संस्थान में भर्ती कराया गया। जहां सुधांशु कुमार की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। स्थानीय लोगों के अनुसार पिकअप मलमलिया की ओर से तेज गति से आ रही थी। वहीं जगदीशपुर चौमुहानी के पास चालक सहसराव मार्ग की ओर मुड़ने का प्रयास कर रहा था। इसी दौरान पीछे से आ रही बाइक पिकअप से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों युवक सड़क पर गिरकर घायल हो गए।घटना के बाद आसपास के लोगों ने दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया। सूचना मिलते ही डायल 112 की पुलिस मौके पर पहुंची और पिकअप को चालक समेत कब्जे में लेकर थाने ले आई। गिरफ्तार चालक मुजफ्फरपुर के मोतीपुर थाना क्षेत्र के रतनपुरा निवासी शनि कुमार सहनी है। चालक ने पुलिस को बताया कि वह मुजफ्फरपुर से भगवानपुर स्थित बिमल चौक पर सेमल की लकड़ी लोड करने जा रहा था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# राजपूत समाज और राष्ट्रीय जनता दल : राजनीतिक साझेदारी की एक पड़ताल



**नीरज कुमार/दैनिक खोज खबर/ मढ़ौरा (सारण)।** बिहार की राजनीति में राजपूत समाज हमेशा एक प्रभावशाली सामाजिक-राजनीतिक शक्ति रहा है। राज्य के राजनीतिक इतिहास पर दृष्टि डालें तो स्पष्ट होता है कि यह समाज केवल सत्ता का समर्थक नहीं रहा, बल्कि अनेक महत्वपूर्ण राजनीतिक परिवर्तनों का सहभागी और निर्माता भी रहा है। यही कारण है कि बिहार में राजपूत राजनीति को समझे बिना राज्य की व्यापक राजनीति को समझना संभव नहीं है।स्वतंत्रता के बाद कांग्रेस की राजनीति में राजपूत समाज की महत्वपूर्ण उपस्थिति तो रही, लेकिन धीरे-धीरे समाज का एक बड़ा हिस्सा समाजवादी आंदोलन की ओर आकर्षित हुआ। डॉ. राममनोहर लोहिया, जयप्रकाश नारायण और कर्पूरी ठाकुर जैसे नेताओं के नेतृत्व में चलने वाले सामाजिक न्याय और लोकतांत्रिक परिवर्तन के आंदोलनों में राजपूत समाज की सक्रिय भागीदारी रही। यह तथ्य अक्सर भुला दिया जाता है कि बिहार में सामाजिक न्याय की राजनीति केवल पिछड़ों की राजनीतिक चेतना का परिणाम नहीं थी, बल्कि उसमें अनेक प्रगतिशील सवर्ण समुदायों का भी योगदान था। सन् 1977 में जनता पार्टी के भीतर मुख्यमंत्री पद को लेकर कर्पूरी ठाकुर और सत्येंद्र नारायण सिंह के बीच संघर्ष हुआ। उस समय बड़ी संख्या में राजपूत विधायकों ने जातीय आग्रहों से ऊपर उठकर कर्पूरी ठाकुर का समर्थन किया। यह घटना इस बात का प्रमाण है कि बिहार का राजपूत समाज केवल जातीय गोलबंदी की राजनीति नहीं, बल्कि व्यापक सामाजिक साझेदारी की राजनीति में भी विश्वास रखता रहा है।इसी राजनीतिक परंपरा का विस्तार आगे चलकर लालू प्रसाद यादव के दौर में दिखाई देता है। जब लालू प्रसाद यादव बिहार की राजनीति में उभर रहे थे, तब उन्हें विभिन्न सामाजिक समूहों का समर्थन मिला, जिनमें राजपूत समाज का एक महत्वपूर्ण वर्ग भी शामिल था। सोनपुर से लेकर मधेपुरा तक अनेक चुनावों में राजपूत मतदाताओं ने उन्हें समर्थन दिया।

यह समर्थन केवल चुनावी समीकरण का हिस्सा नहीं था, बल्कि सामाजिक न्याय और साम्प्रदायिकता विरोधी राजनीति के प्रति एक राजनीतिक प्रतिबद्धता का भी प्रतीक था।लालू प्रसाद यादव ने भी इस विश्वास को सम्मान देने का प्रयास किया। लालू-राबड़ी शासनकाल में राजपूत समाज से आने वाले अनेक नेताओं को सरकार और संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां मिलीं। जगदानंद सिंह, रघुवंश प्रसाद सिंह, विजय कृष्ण, अशोक सिंह और हेमराज सिंह जैसे नेताओं ने न केवल पार्टी बल्कि बिहार की राजनीति में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विशेष रूप से रघुवंश प्रसाद सिंह राष्ट्रीय स्तर पर सामाजिक न्याय की राजनीति के प्रमुख चेहरों में गिने गए।वर्ष 2009 का लोकसभा चुनाव इसका एक महत्वपूर्ण उदाहरण है। जब राष्ट्रीय जनता दल सीमित सफलता प्राप्त कर सकी, तब उसके विजयी सांसदों में राजपूत समाज के नेताओं की महत्वपूर्ण उपस्थिति थी। इससे यह संदेश गया कि राजद और राजपूत समाज का संबंध केवल वोट और सीट का संबंध नहीं, बल्कि राजनीतिक विश्वास और साझेदारी का संबंध है।सारण के मढ़ौरा में रेल व्हील फैक्ट्री की स्थापना भी इस संदर्भ में उल्लेखनीय है। रेल मंत्री के रूप में लालू प्रसाद यादव की पहल पर स्थापित इस परियोजना ने क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को नई दिशा दी। भूमि अधिग्रहण के बदले प्राप्त मुआवजे और रोजगार के अवसरों ने अनेक ग्रामीण परिवारों की आर्थिक स्थिति को मजबूत किया।

इसका लाभ विभिन्न समुदायों के साथ-साथ बड़ी संख्या में राजपूत परिवारों को भी मिला। हाल के वर्षों में भी राष्ट्रीय जनता दल ने राजपूत समाज को संगठनात्मक और राजनीतिक प्रतिनिधित्व देने की परंपरा को जारी रखा है। जगदानंद सिंह को प्रदेश अध्यक्ष बनाना हो या बक्सर से सुधाकर सिंह जैसे नेताओं को आगे बढ़ाना, पार्टी ने लगातार इस समाज की भागीदारी सुनिश्चित करने का प्रयास किया है। हाल ही में विधान परिषद चुनाव में सीमित अवसर होने के बावजूद डॉ. सुनील कुमार सिंह को उम्मीदवार बनाना भी इसी राजनीतिक सोच का हिस्सा माना जा सकता है। निश्चित रूप से समय-समय पर कुछ क्षेत्रों में सामाजिक और राजनीतिक तनाव भी देखने को मिले हैं। कोसी और सीमांचल जैसे इलाकों में स्थानीय राजनीतिक प्रतिस्पर्धाओं ने यादव-राजपूत संबंधों को प्रभावित किया है। लेकिन कुछ क्षेत्रीय घटनाओं के आधार पर दशकों पुराने राजनीतिक संबंधों और साझी राजनीतिक विरासत का आकलन करना उचित नहीं होगा।आज बिहार की राजनीति में 'सवर्ण एकता' और सामाजिक ध्रुवीकरण जैसे कई नए नारे सुनाई देते हैं। लेकिन इतिहास बताता है कि राजपूत समाज की राजनीतिक शक्ति केवल जातीय ध्रुवीकरण से नहीं, बल्कि व्यापक सामाजिक गठबंधनों और साझेदारी की राजनीति से मजबूत हुई है। इस समाज ने हमेशा सत्ता में भागीदारी के साथ-साथ सामाजिक नेतृत्व की भूमिका निभाई है।बिहार की राजनीति के वर्तमान और भविष्य को देखते हुए यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि राष्ट्रीय जनता दल और राजपूत समाज के संबंधों की चर्चा केवल अतीत की स्मृति नहीं है। यह उस राजनीतिक परंपरा की चर्चा है जिसमें सामाजिक न्याय, राजनीतिक सम्मान और साझी भागीदारी का विचार निहित है। आने वाले वर्षों में यह संबंध किस रूप में विकसित होगा, यह भविष्य तय करेगा।

## शहजाद अली हत्याकांड में एक और आरोपित रंजन चौधरी गिरफ्तार



**परवेज़ अख़्तर/सीवान।** बड़हरिया थाना क्षेत्र के शिवराजपुर गांव में हुए शहजाद अली हत्याकांड में पुलिस ने कार्रवाई तेज करते हुए एक और नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान शिवराजपुर निवासी रंजन कुमार उर्फ रंजन चौधरी के रूप में हुई है।

पुलिस उसे हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा ने बताया कि 30 मई को शिवराजपुर में कुछ ग्रामीणों द्वारा शहजाद अली की हत्या की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही सदर वन अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजय कुमार सिंह के नेतृत्व में एफएसएल टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य संकलन किया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए शव का पोस्टमार्टम पूर्ण वीडियोग्राफी के साथ कराया गया और बड़हरिया थाना कांड संख्या 230/26 दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच को गति देने के लिए एसआईटी का गठन किया गया, जिसने तकनीकी साक्ष्य और मानवीय सूचना के आधार पर अब तक छह आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा है। वहीं दो विधि-विरुद्ध बालकों को निरुद्ध किया गया है। एक अन्य आरोपी ने न्यायालय में आत्मसमर्पण भी किया है।

## रेल सिग्नल केबल चोरी करते एक व्यक्ति गिरफ्तार

**परवेज़ अख़्तर/सीवान।** मैरवा रेलवे स्टेशन क्षेत्र में रेल संपत्ति की सुरक्षा को लेकर चल रही सघन गश्त के दौरान रेल सुरक्षा बल ने बड़ी सफलता हासिल की है। सिग्नल केबल चोरी कर ले जाते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है, जबकि चोरी किया गया सामान भी बरामद कर लिया गया।

आरपीएफ इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र यादव ने बताया कि शुक्रवार को उप निरीक्षक जयेंद्र कुमार मिश्रा, हेड कांस्टेबल देवेंद्र गुप्ता और कांस्टेबल लक्ष्मण यादव की टीम प्लेटफार्म संख्या एक और पुराने मालगोदाम के आसपास संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रख रही थी।

इसी दौरान एक व्यक्ति सफेद प्लास्टिक बोरे में भारी सामान लेकर जाता दिखा। संदेह होने पर उसे रोककर तलाशी ली गई। तलाशी में 12 कोर की सिग्नल केबल (लगभग 25 हाथ लंबी) और एक हेक्सा ब्लेड बरामद हुआ।




आरोपित की पहचान गुठनी थाना क्षेत्र के मनचउर निवासी गंगासागर यादव के रूप में हुई है। पूछताछ में वह केबल के संबंध में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। बरामद रेल संपत्ति की कीमत लगभग पांच हजार रुपये आंकी गई है। आरपीएफ ने आरोपी को हिरासत में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## 25 हजार का इनामी टॉप -10 में शामिल बदमाश मन्ने सिंह गिरफ्तार

**परवेज़ अख़्तर/सीवान।** जिले में अपराध नियंत्रण को लेकर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जिला पुलिस और एसटीएफ को बड़ी सफलता मिली है। संयुक्त कार्रवाई में गोरेयाकोठी थाना क्षेत्र के टाप 10 बदमाशों में शामिल 25 हजार का इनामी मन्ने सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया गया। गिरफ्तारी के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।इस संबंध में एसडीपीओ अमन ने बताया कि पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा के निर्देश पर वांछित एवं फरार बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए जिलेभर में विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में शुक्रवार को गुप्त सूचना के आधार पर जिला आसूचना इकाई, एसटीएफ और जिला पुलिस की टीम ने संयुक्त छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान दारौंदा थाना क्षेत्र के रामगढ़ा निवासी मन्ने सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। एसडीपीओ ने बताया कि यह बदमाश गोरेयाकोठी थाना कांड संख्या 317/24, दिनांक 18 दिसंबर 2024 में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 300(4) के तहत वांछित था।

## घर में घुसकर गैस सिलेंडर की चोरी

**सिवान।** नगर थाना क्षेत्र के सिसवन ढाला स्थित हनुमंतनगर मोहल्ले में चोरों ने दिनदहाड़े एक घर में घुसकर गैस सिलेंडर की चोरी कर ली। यह पूरी घटना पास में लगे सीसी कैमरे में कैद हो गई है, जिसके आधार पर पुलिस आरोपियों की पहचान में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार, गृह स्वामी मदन ओझा के पुत्र रवि रंजन ओझा वर्तमान में अपने परिवार के साथ दिल्ली में रहते हैं। उनका पैतृक घर सिसवन ढाला क्षेत्र में स्थित है, जहां देखभाल के लिए एक केयरटेकर रहता है। शुक्रवार को दो अज्ञात युवक उनके घर में दाखिल हुए। दोनों पहले सामान्य तरीके से परिसर में घूमते नजर आए, इसके बाद उन्होंने किचन में रखे गैस सिलेंडर पर हाथ साफ कर दिया और उसे लेकर मौके से फरार हो गए। घटना के बाद केयरटेकर ने इसकी जानकारी गृह स्वामी को दी, इसके बाद सीसी फुटेज खंगाला गया। फुटेज में दोनों आरोपी स्पष्ट रूप से सिलेंडर ले जाते हुए दिखाई दे रहे हैं।

## योग और अध्यात्म से तनावमुक्त व सुखी जीवन संभव : डा. डिंपल

**भगवानपुर हाट (सिवान)।** प्रखंड क्षेत्र के जगदीशपुर गांव स्थित प्रजापिता ब्रह्म कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय केंद्र का 34वां स्थापना दिवस शनिवार को श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं स्थानीय लोग शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं ईश्वरीय स्मृति के साथ किया गया। केंद्र की संचालिका ब्रह्म कुमारी मोनी बहन ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में योग और अध्यात्म मानसिक शांति तथा सुखी जीवन का आधार हैं। उन्होंने कहा कि नियमित राजयोग के अभ्यास से व्यक्ति तनाव, चिंता और नकारात्मकता से मुक्त होकर आत्मिक शक्ति प्राप्त कर सकता है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति अपनी आत्मा को पहचान लेता है, वही परमात्मा की वास्तविक अनुभूति कर सकता है। मोनी बहन पिछले चार वर्षों से इस केंद्र का संचालन कर रही हैं और समाज में आध्यात्मिक जागरूकता फैलाने का कार्य कर रही हैं। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि बिहार एवं झारखंड की प्रमुख डा. डिंपल ने कहा कि ब्रह्म कुमारी संस्थान मानव मूल्यों, नैतिक शिक्षा और आध्यात्मिक चेतना के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला रहा है। उन्होंने लोगों से जीवन में आध्यात्मिक मूल्यों को अपनाने का आह्वान किया। समारोह के दौरान केंद्र की 34 वर्षों की सेवा यात्रा पर प्रकाश डाला गया तथा संस्था के योगदान की सराहना की गई। कार्यक्रम में प्रेम भाई, दीनानाथ भाई, छोटे लाल भाई, भोला भाई, सिया सुंदरी बहन, कांति माता, पुष्पा माता सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। समारोह का समापन शांति संदेश एवं प्रसाद वितरण के साथ हुआ।

## शिलान्यास के एक साल बाद भी नहीं बनी सड़क, बदहाल रास्ते से गुजरने को मजबूर हैं ग्रामीण

**परवेज़ अख्तर/सीवान।**सिसवन प्रखंड क्षेत्र के चाटेया गांव में सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास हुए करीब एक वर्ष बीत चुका है, लेकिन अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है। इससे ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। सड़क की जर्जर स्थिति के कारण लोगों को रोजाना आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता रूपेश कुमार यादव ने बताया कि करीब 11 लाख 96 हजार रुपये की लागत से सड़क निर्माण की योजना स्वीकृत हुई थी और इसका शिलान्यास भी किया गया था। ग्रामीणों को उम्मीद थी कि सड़क बनने से वर्षों पुरानी समस्या दूर होगी, लेकिन एक साल बाद भी काम शुरू नहीं होने से लोगों में निराशा है।

## जनता दरबार में भूमि विवाद के तीन मामलों का निस्तारण, छह पर नोटिस जारी

**हुसैनगंज (सिवान)।** भूमि विवादों के त्वरित निपटारे के लिए अंचल कार्यालय में शनिवार को अंचलाधिकारी दिव्य प्रकाश एवं थानाध्यक्ष मोहन प्रसाद सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में कुल नौ आवेदन प्राप्त हुए, इनमें से तीन मामलों का दोनों पक्षों की सहमति से मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया। वहीं शेष छह मामलों में आवश्यक दस्तावेजों की कमी एवं संबंधित पक्षों की अनुपस्थिति के कारण आगे की कार्रवाई हेतु नोटिस जारी करने का निर्देश दिया गया। सुनवाई के दौरान सभी वादी एवं प्रतिवादी उपस्थित रहे और विवादों के समाधान का प्रयास किया गया। इस अवसर पर प्रदीप कुमार, अंचल गार्ड रामाजी राम सहित अन्य कर्मी मौजूद थे।

## विश्वास, विकास और जनकल्याण के संकल्प की ऐतिहासिक यात्रा- आनंद मिश्रा

**परवेज़ अख़्तर/सीवान।** जनता पार्टी द्वारा आयोजित 12 साल विश्वास, विकास और जनकल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को परिसदन में भाजपा के युवा विधायक सह पूर्व आईपीएस अधिकारी आनंद मिश्रा एवं सारण के विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) सचितानंद राय ने संयुक्त रूप से मीडिया संवाद को संबोधित किया। मीडिया संवाद को संबोधित करते हुए आनंद मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में भारत ने विकास, सुशासन, सुरक्षा और जनकल्याण के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि जनधन योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, मेक इन इंडिया, वंदे भारत ट्रेन, पांचजी विस्तार, महिला आरक्षण अधिनियम तथा




अनुच्छेद 370 की समाप्ति जैसे ऐतिहासिक निर्णयों ने देश को नई दिशा और नई पहचान दी है। वक्ताओं ने कहा कि मोदी सरकार की नीतियों के कारण भारत आज विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो चुका है और वैश्विक मंच पर देश की प्रतिष्ठा निरंतर बढ़ी है। गरीब, किसान, महिला, युवा और वंचित वर्ग के उत्थान के लिए चलाई गई योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा है। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण का नया माडल प्रस्तुत किया है।

सारण के एमएलसी सचितानंद राय ने कहा कि मोदी सरकार के 12 वर्ष भारत के पुनर्जागरण के वर्ष रहे हैं। जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से करोड़ों गरीब परिवारों को सम्मानजनक जीवन मिला है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की पारदर्शी और जवाबदेह कार्यशैली ने जनता का विश्वास मजबूत किया है तथा विकसित भारत के संकल्प को नई गति मिली है।

भाजपा जिलाध्यक्ष राहुल तिवारी ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए व्यापक जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियां केवल आंकड़े नहीं बल्कि करोड़ों लोगों के जीवन में आए सकारात्मक परिवर्तन की कहानी हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष नंद प्रसाद चौहान, लालबाबू कुशवाहा, राजेश श्रीवास्तव, देवेंद्र गुप्ता, भाजपा मीडिया प्रभारी आदित्य कुमार पाठक, अजित कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्त्ता उपस्तिथ रहे।

## पीएमश्री विद्यालय का राज्य एवं केंद्रीय टीम ने किया निरीक्षण, शैक्षणिक गुणवत्ता की ली जानकारी

**आंदर (सिवान)।** प्रखंड के असांव स्थित पीएमश्री राजकीय मध्य विद्यालय में शनिवार को राज्यस्तरीय एवं केंद्रीय समिति की संयुक्त टीम ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीम ने विद्यालय में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों, आधारभूत संरचना, स्मार्ट कक्षाओं, पुस्तकालय, प्रयोगशालाओं एवं विद्यार्थियों की उपलब्धियों का बारीकी से अवलोकन किया। टीम ने शिक्षकों से संवाद कर शिक्षण पद्धति, नवाचार आधारित शिक्षा और पीएमश्री योजना के अंतर्गत चल रहे विभिन्न कार्यों की जानकारी ली। इसके साथ ही विद्यालय में स्वच्छता व्यवस्था, डिजिटल लर्निंग के उपयोग, खेलकूद गतिविधियों तथा सह-पाठ्यक्रम कार्यक्रमों की भी समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने विद्यालय में उपलब्ध संसाधनों के प्रभावी उपयोग की सराहना की। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में डिजिटल शिक्षा और नवाचार आधारित शिक्षण प्रणाली से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को नई दिशा मिल रही है। टीम ने विद्यालय के प्रयासों को संतोषजनक बताते हुए इसे और सुदृढ़ करने पर बल दिया। इस दौरान विद्यालय परिवार की ओर से शिक्षकों ने टीम का स्वागत किया और संस्थान की उपलब्धियों के साथ भविष्य की योजनाओं की जानकारी साझा की। शिक्षकों ने बताया कि पीएमश्री योजना के उद्देश्यों के अनुरूप विद्यालय को एक आदर्श एवं उत्कृष्ट शिक्षण संस्थान बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।